	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर **(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**	
क्रमांकः– एफ.29 ( )अधि,अभि,प्रो / ननिज है / 2022–23 /	**दिनांकः–**	

नगर निगम जयपुर हेरिटेज

पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लिए लगाया दो दिवसीय शिविर

जयपुर। हेरिटेज नगर निगम की ओर से गुरूवार को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ देने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन मुख्यालय परिसर में किया गया । दीनदयाल अंत्योदय योजनाकृ राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक अजय बंसल ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स और असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को लोन दिया जा रहा है। कैम्प में गुरूवार को इस योजना में आवेदन करने वाले लाभार्थियों को आमंत्रित किया। इस दौरान मौके पर ही एसबीआई बैंककर्मियों के सहयोग से लोन के लिए सभी उपयुक्त कागजात की जांच कर लोन वितरण की प्रक्रिया की गई। इस दौरान 300 से अधिक लोगों को योजना में शामिल किया गया। योजना में पात्र लोगों को बैंक के द्वारा 10, 20 और 50 हजार तक की लोन की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कैम्प शुक्रवार को भी चलेगा। वहीं, बैंक ऑफ बडौदा के साथ 22 और 23 जुलाई को मुख्यालय परिसर में ही कैम्प लगाया जाएगा। इस योजना में आमजन ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।